हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
15 मई 2024, समय 1305

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंबाला संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी बंतो कटारिया के लिए समर्थन जुटाने हेतु 18 मई को दोपहर लगभग 12 बजे अंबाला शहर के पुलिस लाईन मैदान में एक विशाल रैली को संबोधित करेंगे।
भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने कहा कि यह पहला अवसर है जब प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी अंबाला आएंगे। उन्होंने बताया कि रैली में बी जे पी के कई दिग्गज नेता भी शामिल होंगे।
उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज शाम 5 बजे के करीब अंबाला शहर के जंडली में एक जन सभा को संबंधित करेंगे।

....

चंडीगढ़ संसदीय क्षेत्र में नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 27 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। नामांकन-पत्रों की जांच आज होगी। उम्मीदवार परसों दोपहर 3 बजे तक अपना नामांकन वापस ले सकते हैं।
चंडीगढ़ निर्वाचन कार्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि नामांकन पत्र दाखिल करने के अंतिम दिन कल 20 उम्मीदवारों ने 23 नामांकन पत्र दाखिल किए और कुल 33 नामांकन प्राप्त हुए। इनमें से 27 उम्मीदवारों के नामांकन-पत्र स्वीकार किए गए।
प्रवक्ता ने बताया कि 27 उम्मीदवारों में से 5 राष्ट्रीय दलों से एवं 17 निर्दलीय उम्मीदवार हैं और 5 पंजीकृत ग़ैर मान्यता प्राप्त दलों से हैं।
उल्लेखनीय है कि बहुजन समाज पार्टी से रितु सिंह और सैनिक समाज पार्टी से राजिंदर कौर, केवल दो महिलाओं के साथ इस संसदीय क्षेत्र के चुनाव में महिलाओं की भागीदारी सीमित है।

....

सरकार ने नागरिकों से उन फर्जी फॉन कॉल से बचने को कहा है जिनमें कॉल करने वाले उनके मोबाइल नंबर बंद करने की धमकी देते हैं।
दूरसंचार विभाग ने सरकारी अधिकारियों का छद्म रूप धारण कर लोगों को ठगने वाले विदेशी मोबाइल नंबरों से व्हाट्सएप कॉल के बारे में भी परामर्श जारी किया है। लोगों को साइबर-अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर ऐसी घटनाओं की रिपोर्ट करने को भी कहा गया है।

....

मौसम विभाग के वैज्ञानिक अजय कुमार सिंह ने कल से 18 मई तक पंजाब और हरियाणा के कुछ इलाकों में लू चलने की संभावना जताई है।

उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा कल और परसों के लिए यैलो अलर्ट और 18 मई के लिए ओरेंज अलर्ट जारी किया गया है। श्री अजय सिंह ने कहा कि हरियाणा के गुरूग्राम, हिसार आदि और पंजाब के दक्षिण पश्चिम जिलों जैसे बंठिडा आदि में भीषण गर्मी पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि आगामी 5-7 दिनो में बारिश की कोई संभावना नहीं है।

....

भिवानी जिले में छपार के पॉलिटेक्निक में दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई है। पॉलिटेक्निक से मिली जानकारी के अनुसार तकनीकी शिक्षा विभाग की ओर से 10वीं व 12वीं के आधार पर कुल 360 सीटों के लिए दाखिला प्रक्रिया ऑनलाइन होगी।

संस्थान में विद्यार्थियों की मदद के लिए हेल्प डेस्क भी स्थापित किए गए है। विद्यार्थी techadmissionshry.gov.in पर अपना पंजीकरण खुद भी कर सकते है। आवेदन 3 जून तक किया जा सकेगा।

....

हरियाणा के अंबाला जिलों के मोहड़ी भानो खेड़ी स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की 12वीं की मेडिकल विषयों की छात्रा ऋभु आभा ने सी०एस०सी० अकादमी की ओलम्पियाड परीक्षा में जोन-एक में तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

इस परीक्षा के लिए देश को कुल 6 जोनों में बांटा गया था। जोन-एक में हरियाणा, गुजरात, तामिलनाडु, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश और केरल के बच्चों को शामिल किया गया था। इस परीक्षा में देश के पांच हजार से अधिक स्कूलों के लगभग 8 लाख बच्चों ने भाग लिया था।

....

भिवानी के उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश नरवाल ने कहा कि भिवानी जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के 7 हज़ार 495 दिव्यांग मतदाता सक्षम एप के माध्यम से मतदाता सूची में अपना नाम देखने के अलावा पोलिंग बूथ तक आवागमन हेतु व्हीलचेयर के लिए अनुरोध कर सकते है।

उन्होंने कहा कि लोहारू विधानसभा क्षेत्र में 1 हज़ार 845, भिवानी में 2 हज़ार 38, तोशाम में 1 हज़ार 539 तथा बवानीखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में 2 हज़ार 73 दिव्यांग मतदाता है। श्री नरवाल ने बताया कि सक्षम एप के साथ-साथ निर्वाचन आयोग द्वारा 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा भी दी गई है।

....